कार्यपालक पदाधिकारी, कार्यालय

नगर परिषद्, बड़हिया (लखीसराय)

अल्पकालीन री–टेंडर आमंत्रण सूचना

ई–टेंडरिंग द्वारा (www.eproc2.bihar.gov.in), वर्ष 2026 / NIT No. 12 / 2026–27

1 विज्ञापन दाता का नाम एवं पता : कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद्, बड़हिया, लखीसराय।
2 निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत की तिथि : 26.10.2026
3. टेंडर कागजात डाउनलोड करने की अवधि : दिनांक 05.11.2026 पूर्वा0 10.00 बजे से दिनांक–17.11.2026 के 15:00 बजे तक (on website www.eproc2.bihar.gov.in)
4 प्रि बीड मिटिंग का स्थान/तिथि : दिनांक 06.11.2026 को 14:00 बजे से। स्थल, कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद्, बड़हिया, का कार्यालय कक्ष
5 संवेदक द्वारा निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि/समय : दिनांक 18.11.2026 के 15.00 बजे तक (*on website www.eproc2.bihar.gov.in*)
6 तकनीकी बीड खोलने की तिथि/समय : दिनांक 18.11.2026 के पूर्वा0 15.30 बजे (on website www.eproc2.bihar gov.in)
7 वित्तीय बीड खोलने की तिथि/समय तकनीकी निर्णय के बाद (on website www.eproc2.bihar gov.in)
8 कार्य का विवरण :–

क्र0स0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रूपया में)	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य बीड प्रोसेसिंग का (अप्रत्यर्पणीय)	Bid Processing Fee (Through Online) (अप्रत्यर्पणीय रू0 में)	कार्य समाप्ति की अवधि (इन्कुलिंडग मोनसून अवधि माह में)
1	Design, Build, construct, install, and commissioning of Material Recovery Facility (MRF) of 10 TPD for dry waste along with operation and maintenance of the plant for 5 years.	Rs. 29877500.00/-	Rs.597600.00/- (2% of the Project Cost)	Rs. 10000.00/-	Eproc2 वेबसाईट के अनुसार	9 माह

नोटः– 1- Bidders should submit Bid Processing fee through the online payment as per amount generated on website www.eproc2.bihar.gov.in
09. निविदा की वैद्यता : 180 दिन
10. विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना विभागीय वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in में देखा जा सकता है।

PR- 014414 (B & C) 2026-27

Executive Officer
Nagar Parishad Barahiya

विस्तृत जानकारी वेबसाइट//state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखा जा सकता है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

गड़खा में भीषण सड़क हादसा, चार की मौत

अनियंत्रित ट्रक की चपेट में आया टेंपो

छपरा। सारण जिले के गड़खा थाना क्षेत्र में छपरा–मुजफ्फरपुर एनएच–722 पर भैंसमारा के समीप बीती रात हुए भीषण सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा–तफरी मच गई। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, छपरा से सवारी लेकर गड़खा की ओर जा रहा टेंपो भैंसमारा के समीप अनियंत्रित ट्रक की चपेट में आ गया। हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, घायलों को डायल–112 की टीम में तैनात एसआई अंकित कुमार सिंह ने तत्काल उठाकर श्रीनिवास अस्पताल पहुंचाया। हालांकि, उपचार के दौरान दो अन्य लोगों की भी मौत हो गई। मृतकों में छपरा गांव निवासी विशाल कुमार राम की 26 वर्षीय पत्नी अनुकुमारी, भगवान बाजार थाना क्षेत्र के कटरा गांव निवासी भोला प्रसाद के 15 वर्षीय पुत्र अमन कुमार तथा रतनपुरा निवासी सुरेंद्र प्रसाद के 25 वर्षीय पुत्र आशीष कुमार शामिल हैं। हादसे में नौ माह की बच्ची निशु कुमारी समेत अन्य लोग भी घायल हुए हैं। मृतकों की पूरी जानकारी और पहचान की पुष्टि की प्रक्रिया जारी है।पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है।

निर्णयों का स्वागत जताया आभार

पटना (आशिप्र)। शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित बिहार कैबिनेट की बैठक में राज्यहित एवं जनकल्याण से जुड़े 43 महत्वपूर्ण प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने इन निर्णयों को बिहार के विकास, आधारभूत संरचना के विस्तार तथा जनसुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया है।

शिक्षा मंत्री तिवारी ने विशेष रूप से गंगा और गंडक नदी के किनारे बनने वाले तीन महत्वपूर्ण पथों की परियोजनाओं की तैयारी के लिए कैबिनेट की स्वीकृति का स्वागत किया।

पावरग्रिड ने किया देशव्यापी सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2026 का शुभारंभ

नयी दिल्ली (आससे)। पावर ग्रिड कहर्पोरेशन अहफ इंडिया लिमिटेड (पावरग्रिड) ने देशव्यापी 'सतर्कता जागरूकता सप्ताह २०२६' का शानदार शुभारंभ किया है। २६ अक्टूबर से १ नवंबर तक आयोजित होने वाले इस सप्ताह की शुरुआत पावरग्रिड के सभी संस्थानों में अधिकारियों और कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा, पारदर्शिता और नैतिक सुशासन की प्रतिज्ञा दिलाकर की गई। केंद्रीय कार्यालय में आयोजित मुख्य समारोह में पावरग्रिड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, वम्सी राम मोहन बुर्रा ने वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में प्रतिज्ञा दिलाई। इस अवसर पर राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और केंद्रीय सतर्कता आयोग के संदेशों का वाचन किया गया। कहर्पोरेट केंद्र से लेकर देश के विभिन्न उपकेंद्रों और परियोजना स्थलों पर कार्यरत कर्मचारियों ने इस आयोजन में बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। इस वर्ष की थीम सत्यनिष्ठा से समश्द्धि के अनुरूप, सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान इस बात पर विशेष बल दिया जा रहा है कि सत्यनिष्ठा ही जनविश्वास, सुशासन एवं सतत समृद्धि की आधारशिला है।

नीरज कुमार ने शीर्ष नेताओं का जताया आभार

पटना (निप्र)। बिहार विधान परिषद के बहुचर्चित पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से लगातार चौथी बार ऐतिहासिक विजय प्राप्त करने के बाद जदयू के वरिष्ठ नेता एवं नवनिर्वाचित विधान पार्षद नीरज कुमार ने प्रदेश की जनता और पार्टी नेतृत्व के प्रति अपना आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह अभूतपूर्व सफलता एनडीए परिवार के सामूहिक प्रयासों और मतदाताओं के अटूट विश्वास का परिणाम है।

अपनी इस जीत पर खुशी जाहिर करते हुए विधान पार्षद नीरज कुमार ने जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार तथा एनडीए गठबंधन के समस्त सम्मानित शीर्ष नेताओं के प्रति हार्दिक आभार और कृतज्ञता प्रकट की है। उन्होंने कहा कि इन सभी नेताओं का स्नेह, मार्गदर्शन और राजनीतिक आशीर्वाद ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है, जिसके बूते उन्होंने जनता के बीच अपनी सेवा का सफर जारी रखने का एकबार फिर मौका मिला है।श्री कुमार ने विशेष रूप से पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के सम्मानित मतदाताओं, एनडीए के सभी समर्पित कार्यकर्ताओं, जमीनी स्तर के समर्थकों और शुभचिंतकों का धन्यवाद किया है।

बैडमिंटन प्रतियोगिता में बी.डी. कॉलेज के खिलाड़ियों ने जीता स्वर्ण पदक

पटना (आससे)। पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय अंतरमहाविद्यालय बैडमिंटन प्रतियोगिता 2026–27 में बी.डी. कॉलेज के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लगातार दूसरे वर्ष अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। नालंदा कॉलेज, बिहारशरीफ में आयोजित दो दिवसीय प्रतियोगिता के पुरुष युगल वर्ग में विनीत कुमार और प्रेम कुमार हांसदा ने स्वर्ण पदक हासिल किया। दोनों खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए पिछले वर्ष के रजत पदक को इस बार स्वर्ण पदक में बदल दिया। उनकी इस उपलब्धि से महाविद्यालय में खुशी का माहौल है। बी.डी. कॉलेज के प्राचार्य प्रो. डॉ. दिवाकर प्रसाद और खेल प्रभारी डॉ. अशोक कुमार साव ने दोनों खिलाड़ियों को बधाई दी।

शिक्षण की गुणवत्ता को और सुधारें : निदेशक

पटना (आशिप्र)। प्राथमिक शिक्षा निदेशक कुमार निशांत विवेक ने कहा कि प्रभावी शैक्षणिक अनुश्रवण और लगातार मार्गदर्शन से विद्यालयों में शिक्षण की गुणवत्ता सुधारी जा सकती है। इससे हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलेगी। श्री विवेक बुधवार को सोनपुर स्थित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) में संकूल संसाधन केंद्र समन्वयकों (सीआरसीसी) के तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षण कार्यक्रम का अवलोकन भी किया। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने में सीआरसीसी की महत्त्वपूर्ण भूमिका है। उन्हें विद्यालयों का नियमित अनुश्रवण करना चाहिए। साथ ही, शिक्षकों को शैक्षणिक सहयोग देना चाहिए।

प्राथमिक शिक्षा निदेशक ने शिक्षण–अधिगम प्रक्रिया को प्रभावी बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सीआरसीसी अपनी जिम्मेदारियों का सही ढंग से निर्वहन करें। इससे विद्यालयों में पढ़ाई का स्तर और बेहतर होगा।

जीत पर बधाई

नवनियुक्त माध्यमिक–उच्च माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ गणेश शंकर पांडेय ने पटना शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से डॉ संजीव कुमार की जीत पर उन्हें बधाई दी है। उन्होंने उम्मीद जतायी है कि शिक्षकों के लंबित मुद्दों पर डॉ संजीव कुमार ईमानदारीपूर्वक सड़क से सदन तक लड़ाई लड़ेंगे।

जे.डी. वीमेंस कॉलेज में कला और संगीत से मानसिक स्वास्थ्य का संदेश

पटना (आससे)। जे.डी. वीमेंस कॉलेज में मंगलवार को मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम के दूसरे दिन संगीत, नृत्य, कविता पाठ और माइम शो के माध्यम से छात्राओं को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम का आयोजन मनोविज्ञान विभाग ने प्रो. ज्योतिमा पांडे के नेतृत्व में किया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रो. ब्रजबाला साह ने अतिथियों, शिक्षकों और छात्राओं के स्वागत से की। इस दौरान छात्राओं ने स्वागत नृत्य, गायन और महिला सशक्तीकरण पर आधारित कविता पाठ प्रस्तुत किया। माइम शो के माध्यम से 'मैं सबके लिए हूं, लेकिन खुद के लिए भी हूं' संदेश दिया गया। प्रस्तुति में आत्मबोध, आत्मप्रेम और आत्मदेखभाल के महत्व को रेखांकित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य बेहतर बनाने में कला, संगीत और नृत्य महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। दूसरों की जिम्मेदारियां निभाने के साथ अपनी भावनाओं और जरूरतों का ध्यान रखना भी जरूरी है।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल पूर्णियाँ
Email ID: ee.purnea.bcd@gmail.com
राष्ट्रीय/स्पर्द्धा केवल ई0–निविदा पद्धति के अनुसार
Website एवं www.eproc2.bihar.gov.in पर

ई0–निविदा आमंत्रण सूचना

ई0–निविदा संख्या– 37 / 2026–27

कार्य का विवरणः–

क. सं0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	बीड प्रोसेसिंग फीस+सर्विस टैक्स (अप्रत्यर्पणीय रू0 में)	कार्य समाप्ति की अवधि
1	2	3	4	5	6	7
01	Repairing work of Baba Saheb Dr. Bhim Rao Ambedkar SC Awasiye High School Hostel-01 Jankinagar, Banmankhi, Purnea for the year 2024-25	51,51,880.00	1,04,000.00	10,000.00	As Per Website (eproc2.bih.gov.in)	03 माह

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, पूर्णियाँ।
2. परिमाण विपत्र बिक्री (डाउनलोड की) अंतिम तिथि एवं समय :–दिनांक 05.11.2026 से 27.11.2026 को 3:00 बजे अप0 तक
3. निविदा प्राप्ति (अपलोड करने) की अंतिम तिथि एवं समय :– दिनांक 28.11.2026 3:00 बजे अप0 तक
4. निविदा (तकनीकी बीड) खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 30.11.2026 3:30 बजे अप0
5. निविदा वित्तीय बीड खोलने की तिथि एवं समय :– तकनीकी बीड मूल्यांकन के पश्चात
6. प्री–बीड मीटिंग की तिथि, समय एवं स्थान :– (I) 12.11.2026 3:00 बजे अप0 को कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, पूर्णियाँ के कार्यालय। :–(II) 20.11.2026 3:00 बजे अप0 को अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, पूर्णियाँ के कार्यालय।
7. परिमाण विपत्र की बिक्री स्थान :– बेबसाईट (www.eproc2.bihar.gov.in)
8. निविदा प्राप्ति का स्थान :– बेबसाईट (www.eproc2.bihar.gov.in)
9. निविदा बैधता की तिथि :– 120 दिन
10. निविदा केवल ई–निविदा पद्धति के अनुसार Website (www.eproc2.bihar.gov.in) पर निष्पादित किया जाएगा। ई–मेल से संबंधित जानकारी सहायता Toll Free No-18005726571 से प्राप्त किया जा सकता है।

विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल, पूर्णियाँ

PR. No. 014370 (BCD) 2026-27

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।

प्रथम पृष्ठ का शेष

नीरज, संजीव और...

उम्मीदवार को सिर्फ 21 वोट प्राप्त हुए हैं। उससे ज्यादा कॉलेज ऑफ कॉमर्स के शिक्षक डॉ अजय कुमार 165 वोट मिले हैं। तीसरे स्थान पर जन सुराज की उम्मीदवार डॉ दिव्या ज्योति रहीं। इन्हे 1571 वोट मिले। पटना शिक्षक सीट से जीत के बाद डॉ. संजीव कुमार ने कहा कि हमने हर तरीके से पूरे सल्तनत से लड़ाई जीती है। यह तीन जिलों का चुनाव था और सभी ने जमकर लड़ाई की है। बहुत ही अच्छा रिजल्ट आया। मैं दिनों से इस दिन का इंतजार कर रहा था। महाकाल की कृपा से आज यह दिन आया है तो मैं सभी को दिल की गहराई से बधाई देता हूं। शिक्षक समाज के लिए मैंने जो भी वादा किया था उसे मैं पूरा करूंगा। मैं सदन में शिक्षकों की आवाज बुलंदी के साथ उठाऊंगा। डॉ. संजीव कुमार ने कहा कि मैंने निश्चित तौर से 30 साल का किला तोड़ा है और आगे भी इसी तरह बीजेपी के किले को ढाहने में मैं मदद करूंगा।

सम्राट और निशांत का धन्यवाद : नीरज कुमार

पटना स्नातक सीट से जदयू प्रत्याशी नीरज कुमार ने मीडिया से बातचीत में कहा कि पटना स्नातक निर्वाचन सीट को हॉट सीट माना जाता था। प्रथम वरीयता में मैं करीब 2200 वोट से आगे था। हमको यह भरोसा है कि चुनाव आयोग के तयशुदा पद्धति के तहत द्वितीय वरीयता की भी अगर गिनती होगी तब भी मैं आगे ही रहूंगा। यह मेरा चौथा चुनाव था तो स्वभाविक रूप से कई सारी चुनौतियां थीं। इसके बावजूद कार्यकर्ताओं की मेहनत, नीतीश कुमार के आशीर्वाद तथा सम्राट और निशांत की जोड़ी ने नई व्यू रचना को तोड़ दिया है। इसके लिए बहुत–बहुत धन्यवाद। मैं गरीब परिवार में जरूर पैदा लिया हूं मेरे पास धनबल और बाहुबल नहीं है लेकिन मेरे पास जितना कार्यकर्ता बल है उतना किसी के पास नहीं है।

सेटेलाइट टाउनशिप में...

आयोजना क्षेत्र के क्षेत्र विस्तार की स्वीकृति दी गयी है। कैबिनेट ने ग्रीनफील्ड सैटेलाइट टाउनशिप क्षेत्रों में भूमि क्रय–बिक्रय/स्तानांतरण पर लगी रोक को हटा लिया गया है। टाउनशिप क्षेत्रों के विकास योजना के अधिसूचित के बाद भवनों का निर्माण एवं भूमि के विकास योजना में निर्धारित भूमि उपयोग तथा उसके अंतर्गत डीसीआर के अनुरूप किया जा सकेगा। मंत्रिमंडल ने विश्वमित्र पथ बक्सर–आरा–मनेर पथ, नारायणी पथ दरिहारा घाट–डुमरिया घाट–गोपालगंज पथ के ट्रांजेक्शन एडवाइजर के रूप में परामर्शी सेवाओं के लिए ३७.१० करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति दी गयी है। गंगा–अम्बिका पथ, नारायणी पथ एवं विश्वमित्र पथ को पीपीपी डीबीएफ ओटी टॉल पद्धति पर बिहार राज्य पथ विकास निगम के माध्यम से कराया जाएगा।

अपर मुख्य सचिव ने बताया कि सात निश्चय–तीन के तहत समृद्ध उद्योग सशक्त बिहार के तहत नवादा के वारसलीगंज में नयी चीनी मिल खोलने का निर्णय लिया गया है। इसके अलावा मोतीपुर चीनी मि की जमीन पर उद्योग लगाने का रास्ता साफ हो गया है। १५१.५८ एकड़ जमीन उद्योग विभाग को हस्तानांतरित की जाएगी। उन्होंने बताया कि अब व्हाट्सएप पर सरकारी योजनाओं की जानकारी व्हाट्सएप के माध्यम से उपलब्ध कराने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी है। इस योजना के क्रियान्वयन पर ३४ लाख खर्च होना है। अपर मुख्य सचिव ने बताया कि विद्युत आपूर्ति सिस्टम को सुदृढ़ करने के लिए दरभंगा ग्रिड उपकेन्द्र पर २२० एमबीए के टांसफार्मर लगाने का निर्णय लिया गया है। खगौल में भी २०० एमवीए का ट्रांसफरमर लगाया जाएगा। इसके अतिरिक्त विद्युत आपूर्ति क्षमता विस्तार पर ११०९६.५५ करोड़ की योजना स्वीकृति की गयी है।

अर्नब से आंध्र प्रदेश...

और केंद्र सरकार के समन्वय से राहत एवं बचाव कार्यों में जुटी हैं। आंध्र प्रदेश में चक्रवात के अधिक प्रभाव की आशंका को देखते हुए एनडीआरएफ ने मंगलवार रात चार अतिरिक्त टीमें भेजी थीं। उन्होंने कहा कि सभी राज्यों के आपदा प्रबंधन तंत्र को सक्रिय कर सतर्क कर दिया गया है और कर्मी स्थिति से निपटने के लिए मैदान में तैनात हैं।
बुंदेला के अनुसार, अगले छह घंटे में चक्रवात के कमजोर होकर चक्रवाती तूफान में बदलने और शाम तक गहरे दबाव के क्षेत्र में तब्दील होने की संभावना है।

वेबसाइट पर 118...

पर अपलोड किए जा चुके हैं। इस काम के लिए 10 एजेंसियां लगाई गई हैं, जो रोजाना हजारों दस्तावेजों को स्कैन एवं अपलोड कर रही हैं।

विभाग ने आगे बताया कि 1996 से 2005 तक के दस्तावेजों का काम पूरा कर लिया गया है। इस अवधि के कुल 68 लाख 51 हजार दस्तावेजों को स्कैन कर पीडीएफ बनाया गया है, जिनमें से 66 लाख दस्तावेजों के पीडीएफ को वेबसाइट पर अपलोड किया जा चुका है। आम लोग इनकी सच्ची प्रतिलिपि को आसानी से देख और डाउनलोड कर सकते हैं। वहीं, 2006 से अब तक के सभी दस्तावेज भी कंप्यूटरीकृत निबंधन प्रणाली के तहत पोर्टल पर मौजूद हैं। अब जो भी नया निबंधन हो रहा है, उसका लिंक पक्षकार के रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर भेज दिया जाता है, जिससे वे तुरंत दस्तावेज डाउनलोड कर सकते हैं। इस पहल का उद्देश्य निबंधन विभाग की सुविधाओं को पूरी तरह से डिजिटल करना है।

बिहार में नकली...

की शिकायत के लिए विशेष ई–मेल आईडी और फोन नंबर जारी किया है. अब आम नागरिक दवाओं की गुणवत्ता से जुड़ी शिकायतें सीधे विभाग तक पहुंचा सकेंगे.

स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी जानकारी के मुताबिक, दवाओं से संबंधित शिकायत के लिए ई–मेल आईडी जारी की गई है. इस ई–मेल पर आम नागरिक किसी भी समय शिकायत दर्ज करा सकते हैं. इसके अलावा 0612–4619634 फोन नंबर भी जारी किया गया है. इस नंबर पर सोमवार से शुक्रवार तक सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे के बीच शिकायत की जा सकेगी. विभाग ने स्पष्ट किया है कि इन माध्यमों से ऐसी दवाओं की जानकारी दी जा सकती है, जो एनएसक्यू पाई गई हों या निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप नहीं हों. शिकायत मिलने के बाद संबंधित मामले की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी.

दवाओं की गुणवत्ता से जुड़ी शिकायत करने वाले लोगों की पहचान गोपनीय रखने की बात कही गई है. इसका उद्देश्य लोगों को बिना किसी डर या संकोच के नकली और अवमानक दवाओं से जुड़ी जानकारी स्वास्थ्य विभाग तक पहुंचाने के लिए प्रोत्साहित करना है.

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, शिकायतों के आधार पर आवश्यक जांच की जाएगी और अगर दवा निर्धारित मानकों पर खरी नहीं उतरती है या किसी तरह की अनियमितता सामने आती है तो नियम के अनुसार कार्रवाई की जाएगी. स्वास्थ्य मंत्री श्री निशांत ने दवाओं की वैज्ञानिक जांच, गुणवत्ता मानकों के अनुपालन और नियमित निरीक्षण की व्यवस्था को मजबूत करने पर जोर दिया है. उन्होंने नकली और अवमानक दवाओं के कारोबार में शामिल लोगों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं. स्वास्थ्य विभाग की ओर से आम लोगों को भी दवाओं की गुणवत्ता को लेकर जागरूक करने पर जोर दिया जा रहा है. विभाग का कहना है कि निगरानी व्यवस्था के साथ आम लोगों की भागीदारी बढ़ने से दवाओं से जुड़ी गड़बड़ियों की जानकारी समय पर मिल सकेगी. अब दवाओं की गुणवत्ता को लेकर किसी तरह की शिकायत या अनियमितता सामने आने पर लोग सीधे स्वास्थ्य विभाग को इसकी जानकारी दे सकेंगे. विभाग प्राप्त शिकायतों के आधार पर जांच और आवश्यक कार्रवाई करेगा.

अब त्यागराजन एसएम...

जिम्मेदारी मिलने के साथ ही त्यागराजन एसएम को उनके नए पद पर प्रभार ग्रहण करने की तारीख से बिहार सरकार की जिम्मेदारियों से मुक्त कर दिया गया है।

त्यागराजन एसएम का प्रशासनिक सफर कई मायनों में खास रहा है। मेडिकल की पढ़ाई से लेकर पुलिस सेवा और फिर भारतीय प्रशासनिक सेवा तक का उनका सफर बताता है कि उन्होंने अलग–अलग क्षेत्रों का अनुभव हासिल करते हुए प्रशासनिक सेवा में अपनी अलग पहचान बनाई। अब केंद्र में सहकारिता मंत्रालय की जिम्मेदारी उनके अनुभवों के लिए एक और महत्वपूर्ण पड़ाव मानी जा रही है।

बिहार कैडर में आने के बाद त्यागराजन एसएम ने कई महत्वपूर्ण पदों पर काम किया। अलग–अलग जिलों में प्रशासनिक जिम्मेदारियां संभालने के दौरान उन्होंने फील्ड एडमिनिस्ट्रेशन पर खास पकड़ बनाई। गया, दरभंगा और पटना जैसे महत्वपूर्ण जिलों में जिलाधिकारी के तौर पर उनकी तैनाती रही। इसके अलावा उन्होंने एडिशनल डायरेक्टर जनरल समेत कई अहम पदों पर भी जिम्मेदारी निभाई।

केन्द्रीय कर्मचारियों...

करने के उद्देश्य से कुल 29,267 करोड़ की योजनाओं को मंजूरी दी. घरेलू लॉजिस्टिक्स को बढ़ावा देने के लिए कंटेनर मैन्युफैक्चरिंग प्रमोशन स्कीम हेतु 10,000 करोड़ की राशि मंजूर की गई है. खेल उपकरणों के स्थानीय उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए 'खेलो इंडिया स्पोर्ट्स गुड्स मैन्युफैक्चरिंग स्कीम' के तहत 1,856 करोड़ का प्रावधान केबिनेट बैठक में किया गया.

केबिनेट बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास और सशक्तिकरण को गति देने के लिए कैबिनेट बैठक में ग्राम स्वराज योजना के लिए 7,395 करोड़ की स्वीकृति दी गई. केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट बैठक में लिए गए फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि भारत को लॉजिस्टिक्स और शिपिंग के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए लाई गई इस कंटेनर विनिर्माण योजना को चार प्रमुख हिस्सों में बांटा गया है. इसमें ब्याज सब्सिडी सहायता, कंटेनरों की गुणवत्ता जांचने के लिए परीक्षण और प्रमाणन सहायता, जमीन के लिए भूमि पट्टे पर लेने के लिए सहायता और फैक्ट्रियों के दैनिक काम–काज के लिए परिचालन व्यय सहायता शामिल है.

मैन्युफैक्चरर्स पर वित्तीय बोझ कम करने के मकसद से सरकार ने कैपेक्स पर विशेष ध्यान दिया है. इसके तहत पूंजीगत व्यय के लिए लिए गए टर्म लोन पर हर साल 3 फीसदी की ब्याज छूट दी जाएगी. इसके लिए सरकार ने 859 करोड़ का खास बजट तय किया है.

Govt. of Bihar

Office of the Principal

Government Polytechnic, Barh

E-mail ID – gpbarhpatna@gmail.com, Website- www.gpbarh.in NIT NO. – GPB-01/2026

Notice Inviting Tenders

(Through e-procurement mode only – www.eproc2.bihar.gov.in)

1. Government Polytechnic, Barh Hajpur English ranabigha Barh Pin:803213 has been constituted under the Department of Science, Technology and Technical Education, Government of Bihar to cater the need of technical education.The institution is committed to enhance its library resources to support the academic and research needs of its students and faculties.
2. The Government Polytechnic, Barh Institute intendent to invite bids from eligible entities to submit proposals for supply of library books that cater to the diverse needs of our diploma programme as mentioned in the tender document.
3. To participate in the e-tendering process, the bidder/agency are required to get themselves registered with eproc2.bihar.gov.in.

Tender Schedule:

Sn.	Event Description	Timeline
4.1	Last date & time of downloading the RFP	Till 19/11/2026 up to 3:00 PM, on eproc2.bihar.gov.in
4.2	Pre-bid meeting (if required)	**07/11/2026 at 11:00 AM**
4.3	Submission (upload) of online bidding document.	**19/11/2026 till 5:00 PM**, on eproc2.bihar.gov.in
4.4	Submission of EMD	1. Earnest Money Deposit (EMD) of Rs.75,000/- (seventy-five Thousand rupees only) as Demand Draft from any Schedule Bank in favour of "Principal Government polytechnic barh on or before 19.11.2026. 2. Tender Fee of Rs.1,500/- (One Thousand Five Hundred rupees only) as Demand Draft from any ScheduleBank in favour of "PrincipalGovernment polytechnicBarh "on or before 19.11.2026
4.5	Opening of Technical Bid	20/11/2026 on the eproc2.bihar.gov.in
4.6	Opening of Financial Bid	**After completion of technical evaluation, the financial evaluation should be done on the eproc2.bihar.gov.in**
4.7	Pre- bid meeting venue	Government Polytechnic, Barh Hajpur English ranabigha Barh Pin:803213
4.8	Contact person	Principal, Government Polytechnic, Barh Hajpur English ranabigha Barh Pin:803213 Email ID- gpbarhpatna@gmail.com
4.9	Method of Selection	Least Cost Selection (LCS)

Note:
a. Interested bidders may obtain further information about this Notice Inviting Tender (NIT) from the office of Government Polytechnic, Barh and Institute website - www.gpbarh.in
b. No tender will be accepted after closing date and time in any circumstances.
c. Tender is floated on https://eproc2.bihar.gov.in website.

Principal
Government Polytechnic,Barh

PR- 014398 (Scince & Tech.) 2026-27

For further details please visit : www.state.bihar.gov.in/prdbihar

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

बिहार सरकार

समाहरणालय, बेगूसराय
(जिला अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय)
प्रेस–विज्ञप्ति

बिहार में निवासित अल्पसंख्यक (मुस्लिम, सिख, ईसाई, बौद्ध, जैन, पारसी) छात्र/छात्राएँ के लिए संचालित इस विज्ञाप्ति के माध्यम से बेगूसराय जिले में वर्ष–2026 में बिहार राज्य अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय, दरभंगा, किशनगंज, नालंदा, कैमूर, मुजफ्फरपुर, जमुई कटिहार, सहरसा, सुपौल (कैम्प–सहरसा), पूर्णिया (कैम्प–कटिहार), पूर्वी चम्पारण (कैम्प– मुजफ्फरपुर), रोहतास (कैम्प– कैमूर), एवं मुंगेर (कैम्प– जमुई) में सत्र 2026–27 में वर्ग 09वीं से वर्ग 11वीं में नामांकन हेतु सूचना प्रकाशन।

नामांकन हेतु आवश्यक सूचना

*आवासीय विद्यालयों में वर्ग–09वीं एवं वर्ग–10वीं के लिए नामांकन हेतु अधिकतम आयु सीमा 16 वर्ष तथा वर्ग 11वीं के लिए 18 वर्ष होनी चाहिए। विद्यालय में नामांकन परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर तैयार मेधा सूची के अनुसार होगा।
*अभ्यर्थियों की अधिकतम परिवारिक वार्षिक आय छः लाख रूपये होनी चाहिए।
*बिहार राज्य में निवासित अधिसूचित अल्पसंख्यक समुदायों यथा–मुस्लिम, सिख, ईसाई, जैन एवं पारसी के छात्र/छात्राएँ कक्ष 09वीं, 10वीं, 11वीं एवं 12वीं में नामांकन हेतु आवेदन करने के पात्र होगें। बिहार राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड में पंजीकृत मदरसों में अध्ययनरत,/उत्तीर्ण वस्तानिया के छात्र/छात्राएँ कक्षा 09वीं तथा फौकानिया में अध्ययन/उत्तीर्ण छात्र/छात्राएँ कक्ष 11वीं में नामांकन हेतु आवेदन करने के पात्र होगें।
*आवेदन ऑनलाईन विभागीय बेवसाईट https://minority.bihar.gov.in/schoolmis/ पर उपलब्ध पोर्टल से किया जा सकेगा। ऑनलाईन आवेदन भरने के बाद छात्र/छात्राओं के द्वारा भरे गए आवेदन फॉर्म को बेवसाईट से डाउनलोड कर प्रिन्ट आउट निकालकर संबंधित जिला के जिला अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय में स्वयं अथवा रजिस्टर्ड डाक से जमा करना अनिवार्य होगा।
*प्रवेश परीक्षा हेतु प्रवेश–पत्र ऑनलाईन विभागीय बेवसाईट https://minority.bihar.gov.in/schoolmis/ के पोर्टल से डाउनलोड किया जा सकेगा।
*ऑनलाईन आवेदन भरते समय अभ्यार्थियों को अंचलाधिकारी द्वारा निर्गत जाति, आय, आवासीय प्रमाण–पत्र शैक्षणिक योग्यता संबंधी प्रमाण–पत्रों की स्व0अभिप्रमाणित प्रति (यदि उत्तीर्ण हो), फोटोग्राफ, हस्ताक्षर एवं उम्र सीमा संबंधी प्रमाण–पत्र को निर्धारित स्थान पर अपलोड करना आव यक होगा।
*अल्पसंख्यक समुदाय के प्रतिभावान विद्यार्थियों को चयनित कर उनको सर्वागीण विकास हेतु उन्हे मानसिक, शारीरिक, सामाजिक एवं भावनात्मक रूप से सक्षम बनाने का उद्देश्य।
*नौवीं से बारहवीं तक की पढ़ाई की उत्तम व्यवस्था।
*आवासीय विद्यालयों में छात्र/छात्राओं को निःशुल्क (free) नामांकन के साथ निःशुल्क (free) आवासन (भोजन, वस्त्र, दवा, पुस्तक) आदि की आधुनिकतम सुविधा।
*आधुनिक सुविधायुक्त प्रयोगशाला।
उच्च माध्यकि कक्षाओं (Intermediate) में PCM, PCB, ARTs आदि विषयों के पठन–पाठन की सुविधा।
***आवेदन प्रक्रिया की तिथि आवेदन पत्र समर्पित करने की तिथिः– 15.10.2026 से 03.11.2026 तक**
*** प्रवेश :– पत्र डाउनलोड करने की तिथि :– 07.11.2026 से 10.11.2026 तक**
*** परीक्षा तिथि :– 12.11.2026**
*** परीक्षाफल प्रकाशन की तिथि :– 25.11.2026**
*** नामांकन की तिथि :– 01.12.2026 से 07.12.2026 तक**
सत्र प्रारम्भ की तिथि– 08.12.2026

उप निदेशक अल्पसंख्यक कल्याण
बेगूसराय

PR- 014359 (Minority Welfare) 2026-27

उक्त सूचना state.bihar.gov.in/prdbihar से भी प्राप्त की जा सकती है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

स्वत्वाधिकारी : ज्ञानमंडल प्रा. लिमिटेड के लिए **शिवशंकर दूबे** द्वारा शाश्वत प्रिण्टर्स यन्त्रालय, मजहरुल हक पथ, पटना से मुद्रित तथा शाश्वत प्रिण्टर्स प्राइवेट लिमिटेड, मजहरुल हक पथ, पटना–८००००१ से प्रकाशित
सम्पादक : शार्दूल विक्रम गुप्त
प्रबंध सम्पादक एवं व्यवस्थापक : **शशि शुक्ला**
स्थानीय सम्पादक : **दीपक पांडेय**
वाराणसी : संत कबीर मार्ग, **गोरखपुर :** बैंक रोड, **प्रयागराज :** 3, लीडर रोड, **कानपुर :** बासमंडी, **झांसी :** झोंकनबाग, **लखनऊ :** 1, जांपलिंग रोड, **आगरा :** महात्मा गांधी रोड, **बरेली :** रोड नं. 3, परसाखेड़ा, **रांची :** नामकुम इंडस्ट्रीयल एरिया, **जमशेदपुर :** न्यू काली माटी रोड, साकची
वर्ष–३१ संख्या–०९७३९२७
आर.एन.आई. रजिस्ट्रेशन सं. ३३४४३/७९
पीबीएक्स : २२३५०७०–७१, ७२
स्थानीय समाचार डेस्क : २२३५०७०
इ–मेल : **patnaaj@gmail.com**
पटना जीपीओ रजिस्ट्रेशन संख्या :
R-10/NP-16/2019-22
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचार के चयन के लिए **स्थानीय सम्पादक** जिम्मेदार होंगे एवं समस्त विवाद पटना न्यायालय के अधीन होगा।